सार-समाचार

शूटिंग में यतीन्द्र यादव ने सिल्वर मेडल जीता, नेशनल के लिए चयन

पाटन (निसं) नीमकाथाना के युवा निशानेबाज यतीन्द्र यादव ने शूटिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नीमकाथाना क्रय-विक्रय सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन सांवल राम यादव (ढाणी पाका पोठा वाली) के पौत्र तथा राकेश यादव के पुत्र यतीन्द्र यादव ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।सीबीएसई वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में यतीन्द्र यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही सिरोही जिले के आबूरोड स्थित द उम्मेद इंटरनेशनल स्कूल, वासड़ा में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा राइफल शूटिंग खेलकूद प्रतियोगिता-2026 की एयर पिस्टल (बॉयज) स्पर्धा में भी उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यतीन्द्र ने कुल 180 अंक अर्जित किए, जिसमें पहले राउंड में 91 तथा दूसरे राउंड में 89 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर पांचवीं रैंक हासिल की।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन और सीबीएसई वेस्ट जोन में पदक जीतने के बाद यतीन्द्र यादव का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है। इस उपलब्धि से यादव परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।पूर्व चेयरमैन सांवल राम यादव, परिवारजनों, क्षेत्रवासियों एवं खेल प्रेमियों ने यतीन्द्र यादव को बधाई देते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतने की शुभकामनाएं दी हैं। यतीन्द्र की सफलता से क्षेत्र के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिल रही है।

''बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम 2026-27'' में बालिकाओं ने प्रतिभा दिखाई

बीदासर (निसं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) के तत्वावधान में बुधवार को श्री खूबचंद बांठिया राजकीय उच्च माध्यमिक (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय में बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम 2026-27 के तहत ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीबीईओ प्रथम बजरंग लाल एवं एसीबीईओ द्वितीय प्रेम रतन शर्मा ने की। कार्यक्रम में संस्था प्रधान नरसी राम मंडा, कमल राम मीणा, गोपाल सिंह, बबीता शर्मा, मूर्ति देवी सहित शिक्षक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक मामराज ने किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य यमुना शर्मा, व्याख्याता सुनीता चौधरी एवं अध्यापक प्रीति प्रजापत शामिल रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में जयश्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकगीत में ज्योति प्रथम रहीं। लोकनृत्य की एकल श्रेणी में सीमा सुथार तथा सामूहिक श्रेणी में लक्ष्मी व निकिता विजेता रहीं। 50 मीटर दौड़ में मनीषा ने प्रथम स्थान हासिल किया। किशोरी शैक्षिक उत्सव के प्राथमिक स्तर में जोन-1 से दीक्षा, जोन-2 से आरती व अंजली तथा जोन-3 से रवीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर जोन-1 से प्रीति, जोन-2 से नौरंग तथा जोन-3 से करिश्मा प्रथम रहीं। समापन अवसर पर अतिथियों एवं अधिकारियों ने विजेता बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा, प्रतिभा एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

तीन व्यक्तियों ने महिलाओं से लोन दिलवाने के नाम पर लाखों रुपए ठगे

बिसाऊ (निसं)। बिसाऊ के वार्ड नंबर 4 के युवाओं व महिलाओं ने बताया की प्रत्येक महिला से खाता खोलने के नाम पर लगभग 5000 रुपए लिए गए व कहा गया कि आपको लोन मिलेगा लेकिन इन्होंने ना लोन दिया तथा 5000 रुपए के एवरेज में हमें कोई प्रूफ नहीं दिया गया। घटना की सुचना वार्ड नंबर 4 के पार्षद आबिद तंवर व अदनान तंवर ने उपलब्ध करवाई। वार्ड के युवाओं ने बताया कि हमें लगा की ये सभी महिलाओं के साथ धोखाधड़ी कर रहा है और आधार कार्ड व पैन कार्ड लेकर एयरटेल पेमेंट अकाउंट अपने मोबाइल नंबर लगाकर खोल रहे हैं व खाते दूसरों को बेच रहे हैं जो साइबर फ्रॉड में काम ले रहे हैं। तीनों गिरोह को पडकर पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। बिसाऊ पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और तिनो को पकड़कर थाने ले जाया गया आगे मामले की जांच पुलिस प्रशासन कर रहा है।

अंतर महाविद्यालय टेबल-टेनिस प्रतियोगिता आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा प्रायोजित अंतर महाविद्यालय टेबल -टेनिस (महिला व पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने बताया कि शेखावाटी विश्वविद्यालय की टेबल -टेनिस (महिला वर्ग) प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले की टीम स्पर्धा में मेजबान श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ विजेता तथा राजकीय कला महाविद्यालय कटराथल उपविजेता रहा। इसके साथ ही टेबल -टेनिस (महिला वर्ग) की व्यक्तिगत स्पर्धा में भी श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ की मुस्कान प्रथम तथा सोनू द्वितीय स्थान पर रही। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के अन्तरमहाविद्यालय टेबल -टेनिस (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में टीम स्पर्धा में शेखावाटी महाविद्यालय लोसल विजेता तथा मेजबान श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ उपविजेता रहा।

15 को बालाजी बाबोसा मंदिर के लोकार्पण में देश-विदेश से श्रद्धालु आएंगे

चूरू (कासं)। जिला मुख्यालय पर प्राचीन श्री बालाजी बाबोसा मंदिर के नवीनीकरण और विस्तृत स्वरूप का लोकार्पण 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगा। परम आराधिका मंजू बाईसा मंदिर का लोकार्पण करेगी। श्रीबाबोसा मंदिर ट्रस्ट की बुधवार को दक्ष प्रजापति भवन में हुई बैठक में यह जानकारी दी गई। ट्रस्ट के प्रमुख प्रकाश कोठारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण मंदिर का विस्तारीकरण किया गया है। अब मंदिर को भव्य और आकर्षक रूप दिया गया है। इसमें श्री बालाजी और श्री बाबोसा भगवान की विशाल प्रतिमाओं के साथ सनातन धर्म के प्रमुख देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित होंगी। लोकार्पण समारोह में देश-विदेश से श्रद्धालु शामिल होंगे।

पीएम मोदी ने 25 वर्षों में संघर्ष व चुनौतियों के बीच राष्ट्रसेवा को प्राथमिकता दी है : गहलोत

चूरू (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को कृषि उपज मंडी में भाजपा द्वारा सेवा ज्योति यात्रा व विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन भी सुना। सभा में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, राष्ट्र सेवा और देश के विकास में उनके योगदान को लेकर विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर संचालित योजनाओं से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिला है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होना महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में संघर्ष और चुनौतियों के बीच राष्ट्रसेवा को प्राथमिकता दी गई। गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्गों को केंद्र में रखकर विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को गति मिली है।



कार्यक्रम में भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

■ चूरू में गूंजी राष्ट्रसेवा की गूंज, मोदी के 25 साल के जनसेवा सफर पर भाजपा ने मनाया सेवा ज्योति दिवस

पीएम का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र सेवा का उदाहरण है-राठौड़ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में अनेक चुनौतियों के बावजूद राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी गई। राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं और विकास पहुंचाना रहा है। आवास, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छ ईंधन और किसानों के लिए आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने इनके प्रभाव की बात कही।

वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका मजबूत हुई-सहारण विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भारत की वैश्विक भूमिका लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई है। गरीब कल्याण से महिला सशक्तिकरण तक योजनाओं का उल्लेख सभा में वक्ताओं ने आवास, स्वास्थ्य, हर घर नल से जल, स्वच्छ ईंधन, किसान सम्मान, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया है। वक्ताओं ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से देश के विभिन्न वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, राजकुमार रिणवां, एससी आयोग अध्यक्ष राजेंद्र नायक, सभापति विनय गोयनका, युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़, प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, सीकर जिला संगठन प्रभारी डॉ. वासुदेव चावला, देवेंद्र झाझड़िया, संतोष मेघवाल, जिला चुनाव प्रभारी महावीर रांका, चंद्राराम गुरी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक चोटिया ने किया।

रामलीला मंचन के लिए मंच निर्माण शुरू

चिड़ावा (निसं)। शहर के विवेकानंद चौक के पास साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया मार्ग स्थित डालमिया के नोहरे में 11 से शुरू होने वाली रामलीला के आयोजन को लेकर आज स्टेज निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस दौरान पंडित बालकृष्ण चौरासिया ने मंत्रोच्चार के मध्य गणेश पूजन और बल्ली पूजन करवाया। जिसके बाद बल्ली को मौली बांधकर तिलकार्चन किया गया। इसके बाद मंच निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस दौरान बैजनाथ मोदी, मनोहर लाल जांगिड़, किशोर कुमार, मोतीलाल शर्मा, अध्यक्ष प्रमोद कुमार अरड़ावतिया, सचिव सुशील कुमार पदमपुरिया, कोषाध्यक्ष सुरेश डालमिया, रोहिताश्व महला, राजेंद्र शर्मा, मदनलाल जांगिड़ आदि ने पूजन किया। वहीं इस मौके पर शिव सिंह गौड़, सुभाष धाबाई, रवि भारतीय, वीरेंद्र शर्मा, कुणाल सहित रामलीला परिषद सदस्य, कलाकार और गणमान्यजन मौजूद रहे।

गंदे पानी और अनियमित जलापूर्ति से परेशान नोहरवासी

नोहर (निसं)। यहां शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। कई इलाकों में गंदे पानी की आपूर्ति तथा निर्धारित समय पर पानी नहीं आने की शिकायतें सामने आ रही हैं। जलापूर्ति के समय में नियमितता नहीं होने से विशेष रूप से घरेलू महिलाओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी आने का कोई निश्चित समय नहीं होने के कारण महिलाओं को घरेलू कामकाज छोड़कर पानी भरने के लिए इंतजार करना पड़ता है। शहर में जलदाय विभाग की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी का प्रमुख कारण पानी की गुणवत्ता के साथ-साथ आपूर्ति के समय में लगातार बदलाव बताया जा रहा है। कहीं पानी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचता तो कहीं कम दबाव के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।

■ तय समय पर साफ पानी नहीं पहुंच रहा, घरेलू कामकाज प्रभावित आमजन की समस्याओं लेकर नगरपालिका उपाध्यक्ष व एडवोकेट ने पीएचईडी एक्सईएन से मिलकर मुद्दा उठाया

इसके चलते रोजमर्रा के घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

पेयजल समस्या को लेकर नगरपालिका उपाध्यक्ष गुरसेवक सिंह एवं एडवोकेट दिनेश भाटी ने जलदाय विभाग के एक्सईएन साहिल से मुलाकात की। उन्होंने शहर में गंदे पानी की आपूर्ति, अनियमित जलापूर्ति तथा निर्धारित समय पर पानी उपलब्ध नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। उन्होंने एक्सईएन से कहा कि शहर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ जलापूर्ति का समय निर्धारित एवं नियमित किया जाए, ताकि आमजन को रोजाना पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़े। साथ ही जिन क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें हैं, वहां पाइपलाइन एवं सप्लाई व्यवस्था की जांच कर आवश्यक सुधार किए जाएं। महिलाओं पर सबसे अधिक असर अनियमित जलापूर्ति का सीधा असर घरों की दिनचर्या पर पड़ रहा है। पानी आने का निश्चित समय नहीं होने के कारण खासकर घरेलू महिलाओं को लंबे समय तक पानी का इंतजार करना पड़ता है। कई परिवारों में सुबह के जरूरी घरेलू काम भी प्रभावित हो रहे हैं।

योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : अरूण गर्ग

झुंझुनूं (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने अधिकारियों को सरकार की फ्लैगशिप एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए प्रोएक्टिव मोड में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं हो और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

■ साप्ताहिक समीक्षा बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं तथा लंबित कार्यों की समीक्षा हुई

बैठक में सम्पर्क पोर्टल, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न विभागों के कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री कुसुम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी केवल औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागवार प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने और जहां कहीं भी कार्य में बाधा आ रही है, उसका समय पर समाधान करवाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि आवंटन से जुड़े मामलों का शीघ्र निस्तारण करवाने तथा स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज, ऑडिटोरियम और हॉस्पिटल निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गति लाने और इन्हें शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में आगामी पंचायती राज चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे तथा तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहे।

बैठक में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, एसीईओ रामनिवास, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक शिवा चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौड़, जिला रसद अधिकारी संदीप गौड़, उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. विजयपाल कस्वा, कोषाधिकारी प्रेरणा कालेर, सीडीईओ अशोक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

लगातार चौथे वर्ष वर्धमान चैम्पियन बना

सीकर (निसं)। सीकर यूनिवर्सिटी ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड मैनजमेंट द्वारा रेलवे सामुदायिक भवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में वर्धमान विद्या विहार स्कूल एवं जैन स्कूल ने चैम्पियन ट्रॉफी जीती। संस्था के अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के लिए 7000 रुपए,द्वितीय पुरस्कार के लिए 4000 रूपए एवं तृतीय पुरस्कार के लिए 3000 रुपए नकद प्रदान किए गए। उक्त प्रतियोगिताओं में वर्धमान स्कूल एवं जैन स्कूल ने कुल 21000 रूपये के नकद पुरस्कार प्राप्त किये। संस्था उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया ने बताया कि बायो क्विज प्रतियोगिता में जानवी शर्मा ने प्रथम, मैथ्स-प्रो प्रतियोगिता में ऋत्विक जैन ने प्रथम, टेक-आर्ट प्रतियोगिता में सिद्धि सोढानी ने द्वितीय, साइंस मॉडल प्रतियोगिता में तनुष्का शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही नंदिनी साजवानी, चेतना शर्मा, नमन जैन एवं निधि मूंदड़ा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में गोल्ड मैडल जीते।

सार-समाचार

रिश्वतखोरी के आरोप में जेईएन दीपिका गोदारा जेल भेजी गईं

चिड़ावा (निसं)। रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार की गई चिड़ावा की जेईएन दीपिका गोदारा को मंगलवार को एसीबी कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार, कुतुबपुरा निवासी एक व्यक्ति से कृषि कनेक्शन के डिमांड नोटिस की राशि कम करवाने के एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप दीपिका गोदारा पर है। शिकायत के आधार पर झुंझुनूं एसीबी टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए उन्हें रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को आरोपी जेईएन को एसीबी कोर्ट में पेश किया गया। जहां न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश दिए। बताया गया कि शिकायतकर्ता ने कृषि विद्युत कनेक्शन से संबंधित डिमांड नोटिस की राशि कम करवाने के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि इस काम के बदले रिश्वत की मांग की गई। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी टीम ने कार्रवाई की और निर्धारित रकम लेते हुए जेईएन को पकड़ लिया। झुंझुनूं एसीबी की टीम ने एएसपी नरेन्द्र पूनिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की थी। मामले में एसीबी की ओर से आगे की जांच एवं कानूनी कार्रवाई जारी है।

फूसराज तोदी भवन का भव्य उद्घाटन 11 को

राजलदेसर (निसं)। मदन दाधीच राजलदेसर के नेशनल हाईवे-11 बीकानेर रोड स्थित नवनिर्मित फूसराज तोदी भवन (रिजॉर्ट) का भव्य उद्घाटन समारोह आगामी 11 को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के प्रसिद्ध योग गुरु बाबा रामदेव महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में कई संत-महात्माओं एवं विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी रहेगी।आनंद तोदी, विष्णु तोदी, अनिल तोदी, रिजॉर्ट मैनेजर वीरेंद्र लाटा, बाबूलाल दुधेडिया, शंकरलाल खडोलिया एवं जगदीश राजपुरोहित ने फोल्डर का विमोचन किया। आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। रिजॉर्ट मैनेजर वीरेंद्र लाटा ने बताया कि समारोह में स्वामी चिंद्रानंद सरस्वती महाराज, आचार्य बालकृष्ण, स्वामी हरिचेतनानंद महाराज, स्वामी रामानंद महाराज, मुरलीधर महाराज एवं संत सोमनाथ महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं का सान्निध्य रहेगा। समारोह के लिए ईश्वरचंद तोदी, मुख्य ट्रस्टी, जयनारायण बजरंगलाल तोदी ट्रस्ट, राजलदेसर की ओर से विशेष आग्रह किया गया है। ईश्वरचंद तोदी एवं आनंद तोदी ने बताया कि राजलदेसर कस्बे में लंबे समय से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बड़े भवन की कमी महसूस की जा रही थी। साथ ही बड़े आयोजनों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को बाहर के स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए फूसराज तोदी भवन का निर्माण कराया गया है।

सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ की मासिक बैठक आयोजित

उदयपुरवाटी (निसं)। नांगल पावर हाउस के परिसर में स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ के उपखंडीय अध्यक्ष दुर्गपाल सिंह शेखावत की अध्यक्षता व समाजसेवी एडवोकेट मोतीलाल सैनी के मुख्य आतिथ्य में बैठक आयोजित हुई। इस मासिक बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया तथा इसके निवारण के लिए प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही आगामी बैठक रोशनी पर्व दीपावली के पूर्व दिवस को रखा जाना सुनिश्चित किया गया, जिसमें अधिक से अधिक सेवानिवृत कर्मचारियों को भाग लेने की अपील की गई। इस बैठक का संचालन बद्रीप्रसाद तंवर ने किया। इस दौरान बैठक में मंगतू राम वर्मा, भगवाना राम सैनी, फूलाराम सैनी, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, गुलझारी लाल सैनी, रामगोपाल शर्मा, सवाईसिंह, शिंभू राम औलखा, बंशीराम सैनी, मुरारीलाल शर्मा, मोहरीलाल सोनी सहित कई सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रारूप-10 नियम 6 (7) देखिए

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद् झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक : एफ-6() 90 ए/2026-27/11774-775 **लोक सूचना** दिनांक: 06/10/2026

यतः मरूधरा ब्रिक्स एण्ड ब्लॉक्स जरिये पार्टनर रोनक महला पुत्र विधाधर महला निवासी बाडलवास झुन्झुनू ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक औद्योगिक प्रयोजनार्थ उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्-

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
झुन्झुनू	बाडलवास	324/322	0.2500 है.

इसलिए इनके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को .....जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद् झुन्झुनू**

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, चूरू

(जिला परिषद परिसर, चूरू-331001)

E-mail:- sewdse.churu@rajasthan.gov.in, Phone: 01562-254494

क्रमांक : एफ1()/अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी/लेखा/2026-27/1834-39 दिनांक 29/09/26

ई-निविदा सूचना संख्या-24/2026-27

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से PMKSY 2.0 एवं मुख्यमंत्री एवं जल स्वावलम्बन अभियान 2.2 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 12.10.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण "http://sppp.rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- WSC2627A1380.
UBN NO :-WSC2627WSOB02462
WSC2627WSOB02463

(महेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण
चूरू

DIPR/C/17038/2026

उत्तर पश्चिम रेलवे **ई- ऑक्शन सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर एडवरटाईजिंग, पार्सल लीज, पार्किंग एवं ATM के ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है:-

केटलॉग संख्या	कार्य का नाम व स्थान	ई ऑक्शन की दिनांक व समय
EA Lease 17 26	गाडियो में एसएलआर को लीज पर:- (i) 14723 HSR-TPTY (FSLR) (ii) 09002 BNW-MMCT (FSLR) (iii) 09006 BNW-BDTS (FSLR) (iv) 17602 SGNR-KCG (RSLR)	दिनांक 09.10.2026 समय 10:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA VW 04 BKN	Advertisement:- (i) विज्ञापन ट्रेन के अंदर :- (a) 22497/98(SGNR-TPJ-SGNR) (b) 12489/90(SGNR-DDR-SGNR) (c) 14795/96 (BNW-KLK-BNW, 14705/06(BNW-DKBJ-BNW), 14725/26(BNW-MTJ-BNW), 54793/94 (MTJ-SWM-MTJ) (d) 12485/86 (SGNR-NED-SGNR), 12439/40(SGNR-NED-SGNR) (e) 14707/08(HMH-DDR-HMH)	दिनांक 12.10.2026 समय 13:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA Parking 09	पार्किंग :- MBY (मंडी डबवाली), GAMI (गोगामेड़ी) व LGH (लालगढ़) स्टेशन पर	दिनांक 12.10.2026 समय 13:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA ADVT 15	Advertisement:- (i) Out of Home गोगामेड़ी (GAMI), बीकानेर (BKN) व भिवानी (BNW) स्टेशन पर (ii) On Station Premise (Digital):- भिवानी (BNW), हिसार (HSR) व सूरतगढ़ (SOG) स्टेशन पर (iii) On Station Premise (Non-Digital):- सिरसा (SSA) स्टेशन पर	दिनांक 14.10.2026 समय 10:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA ATM 05 BKN	ATM :- सादुलपुर (SDLP) व हिसार (HSR) स्टेशन पर	दिनांक 14.10.2026 समय 13:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA Lease 18 BKN	गाडियो में एसएलआर को लीज पर:- (i) 20404 LGH-PRYJ (FSLR) (ii) 22632 BKN-MDU (RSLR) (iii) 12372 BKN-HWH (FSLR) (iv) 17019 HSR-HYB (FSLR) (v) 20475 BKN-MRJ (FSLR) (vi) 12440 SGNR-NED (FSLR) (vii) 20958 HSR-INDB (FSLR) (viii) 14707 HMH-DDR (FSLR) (ix) 14707 HMH-DDR (RSLR) (x) 12240 HSR-MMCT (FSLR)	दिनांक 15.10.2026 समय 11:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
MSS Mobstore	मोबाइल और लैपटॉप एक्सेसरीज कियोस्क:- BKN व SDLP स्टेशन पर	दिनांक 16.10.2026 समय 13:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।

अन्य सूचना एवं नियम व शर्तों के लिये IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगिन करे।

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 1432-AM/26

किशनगढ़ के वीर जवान हरिराम बलौदा का निधन

■ शहीद स्मारक से गांव तक तिरंगा यात्रा निकली, बाइक सवार युवाओं ने ''हरिराम अमर रहे'' के नारे लगाए

**स